समर कैंप (27 जून से 31 जून 2025)PM श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, ज्वालापुर हरिद्वार

विद्यालय में दिनांक 27 जून से 31 जून 2025 तक पाँच दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस समर कैंप का उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मकता, शारीरिक-मानसिक विकास, आत्मरक्षा, सांस्कृतिक चेतना और सौंदर्यबोध को बढ़ावा देना था। छात्राओं ने पूरे उत्साह एवं सक्रियता के साथ शिविर की सभी गतिविधियों में भाग लिया।

दिन-1: योग एवं खेल गतिविधियाँ (27 जून 2025)

शिविर का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम राणा द्वारा दीप प्रज्वलन एवं संबोधन के साथ हुआ। इसके बाद योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया।दूसरे सत्र में विविध खेल प्रतियोगिताएँ कराई गईं जिनमें दौड़, खो-खो, कबड्डी तथा टीम-बिल्डिंग गेम्स म्यूजिकल चेयर शामिल रहीं। इन गतिविधियों से छात्राओं में अनुशासन, सहयोग और उत्साह की भावना विकसित हुई।

दिन-2: क्राफ्ट, पेंटिंग व ड्राइंग (28 जून 2025)

दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण था – हस्तशिल्प (क्राफ्ट), पेंटिंग और ड्रॉइंग। छात्राओं ने रंगों के माध्यम से अपनी कल्पनाओं को सुंदर चित्रों में ढाला। विभिन्न विषयों पर ड्रॉइंग और पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।‘बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट’ के तहत फ्लावर बुके,कागज के बैग्स,रंगोली के दिए उपयोगी वस्तुएँ बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

दिन-3 तृतीय दिवसदिवस (29 जून 2025)

तीसरा दिन "भाषा दिवस” के रूप में मनाया गया, जिसमें छात्राओं ने आत्मनिर्भरता, नेतृत्व एवं संवाद कौशल से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ कीं।इस दिन वाद-विवाद, भाषण, कहानी लेखन एवं समूह चर्चा जैसे कार्यक्रम आयोजित हुए। छात्राओं ने पर्यावरण, नारी सशक्तिकरण एवं तकनीक के सकारात्मक उपयोग जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए।

दिन-4: रंगोली एवं पारंपरिक वेशभूषा (30 जून 2025)

चौथे दिन रंगोली मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने विविध रंगों, फूलों से सुंदर-सुंदर रंगोलियाँ बनाई।

इस दिन को "लोक परिधान दिवस" के रूप में भी मनाया गया, जिसमें छात्राएँ पारंपरिक वेशभूषा में सजकर आईं। इस अवसर पर रैंप वॉक प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने आत्मविश्वास और गरिमा के साथ मंच पर प्रस्तुति दी। यह गतिविधि सांस्कृतिक विविधता एवं आत्म-प्रस्तुति कौशल का अद्भुत संगम रही।

दिन-5: समापन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम (31 जून 2025)

पाँचवे दिन समर कैंप का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं – जैसे नृत्य, गीत, नाटक, कविता पाठ आदि। विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में छात्राओं की प्रतिभा की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

यह पाँच दिवसीय समर कैंप न केवल छात्राओं के रचनात्मक, शारीरिक एवं मानसिक विकास का अवसर बना, बल्कि उनमें टीम भावना, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सांस्कृतिक गर्व की भावना का भी संचार हुआ। इस प्रकार का आयोजन विद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुआ।